Website: https://hgbsgujarat.org

# हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात

• तंत्री एवं प्रधान संपादक : विजयकुमार छत्रपाल शर्मा (चोरीवाड-ईडर)
• सहतंत्री : कमलेश शर्मा (पनवाडिया-थोलाईवाले), रामअवतार एम.शर्मा (कुडाया), अहमदाबाद, हितेश शर्मा, सिद्धपुर, उमेश कुडाया (कठवाडा)

Email - guj.abhgb@gmail.com

• वर्ष : 1 • अंक : 06
• 12 नवंबर, 2023, रविवार


### जन विकास है काम, शंकरलाल है नाम - दौसा क्षेत्र में प्रचार अभियान में उमडा जनसैलाब

# दौसा सीट से शंकरलाल शर्मा को भाजपा से मिला टिकट, समाज में जबरदस्त उत्साह

अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दौसा विधानसभा के पूर्व विधायक शंकरलाल शर्मा को राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा ने फिर एकबार दौसा सीट से मैदान में उतारा है। शंकरलाल शर्मा को टिकट मिलने के बाद हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज में दिवाली जैसा माहोल देखने को मिल रहा है। राजस्थान विधानसभा के चुनाव के लिए समाज के व्यक्ति को प्रतिनिधित्व मिलना हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज के लिए गौरवान्वित करनेवाली बात है। उम्मीदवारी पर्चा भरने के बाद शंकरलाल शर्मा ने दौसा के अलग-अलग इलाकों में ग्राउंड जीरो पर प्रचार तेज कर दिया है। महासभा के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्मा ने भी शंकरलाल शर्मा को शुभकामनाएं दीं। और वह नामांकन पत्र भरते समय स्वागत रैली में उनके साथ नजर आए। उन्हें टिकट मिलने से हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज के लोग काफी उत्साहित हैं। हालांकि, वह दौसा सीट पर जनता के समर्थन के लिए भी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। गुजरात, मध्य प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली समेत राज्यों में रहनेवाले समाजबंधु शंकरलाल शर्मा को शुभकामनाएं दे रहे हैं।

## दौसा में पिछले दो चुनाव में कैसी रही है स्थिति?

**2018** में हुए विधानसभा चुनाव में, यानी पिछले विधानसभा चुनाव में इस विधानसभा सीट पर कुल 2,17,827 मतदाता थे, और उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार मोरारी लाल को 99,004 वोट देकर विजयश्री प्रदान की थी, और विधायक बना दिया था, जबकि भाजपा उम्मीदवार शंकरलाल शर्मा को 48,056 मतदाताओं का भरोसा हासिल हो पाया था, और वह 50,948 वोटों से चुनाव हार गए थे। इससे पहले, साल 2013 में हुए विधानसभा चुनाव में दौसा विधानसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार शंकर लाल शर्मा ने जीत हासिल की थी, और उन्हें 65,904 मतदाताओं का समर्थन मिला था. विधानसभा चुनाव 2013 के दौरान इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार मुरारी लाल मीणा को 40,732 वोट मिल पाए थे, और वह 25,172 वोटों के अंतर से दूसरे पायदान पर रह गए थे। इसी तरह, विधानसभा चुनाव 2008 में दौसा विधानसभा क्षेत्र से बसपा उम्मीदवार मुरारी लाल को कुल 43,387 वोट हासिल हुए थे, और वह विधानसभा पहुंचे थे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी रामवतार चौधरी दूसरे पायदान पर रह गए थे, क्योंकि उन्हें 42,285 वोटरों का ही समर्थन मिल पाया था, और वह 1102 वोटों से चुनाव में पिछड़ गए थे। गौरतलब है कि दौसा विधानसभा क्षेत्र हरियाणा ब्राह्मण समाज का गढ़ माना जाता है। शंकर लाल जी हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर काफी साल तक सेवा दी है। वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद जी ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देकर टिकट के उम्मीद पर बीजेपी ज्वाइन कर ली थी लेकिन टिकट न मिलने पर उन्होंने अपना सपोर्ट शंकर लाल जी को दिया है। अब देखना है कि वास्तव में कितना सपोर्ट करते हैं। इतना ही नही शंकरलाल शर्मा के जीतने के बाद समाज को वास्तविक फायदा मिलता है या नही इस पर भी समाजबंधुओ की निगाहे रहेगी।



## जयपुर में जन्मे शंकरलालने दौसा क्षेत्र को बनाई अपनी कर्मभूमि

**18** जुलाई 1955 को जयपुर के भभोरिया गांव में जन्मे शंकरलाल शर्मा ने बीकॉम एलएललबी तक पढाई की । पत्नी का नाम आशा शर्मा है..उनके परिवार में एक बेटा और तीन बेटियां हैं । शंकरलाल शर्मा के पिता का नाम गंगा सहाय शर्मा है। शंकरलाल शर्मा अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के पूर्व अध्यक्ष रह चुके है। हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज में जबरदस्त लोकप्रियता है। इतना ही नहीं राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, दिल्ली में भी ब्राह्मण समाज में उनकी लोकप्रियता है।

## शंकर शर्मा नामांकन रैली के बीच पहुंचे नामांकन दाखिल करने

**4** नवम्बर 2023 के दिन दौसा से भाजपा के प्रत्याशी शंकर शर्मा गुप्तेश्वर रोड से अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करने RO कार्यालय पहुंचे. इस दौरान उनके साथ सांसद जसकोर मीणा और भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं हरियाणा गौड ब्राह्मण समुदाय के समाजबंधुओ बडी संख्या में मौजूद रहे. नामांकन दाखिल करने के बाद शंकर शर्मा फिर से रैली में पहुंचे और औद्योगिक क्षेत्र में सभा का आयोजन किया गया. सभा में थानागाजी से भाजपा के प्रत्याशी हेमसिंह भंडाना सहित कई नेता मौजूद रहे. 2018 के विधानसभा चुनाव में दौसा जिले की पांच में से चार सीट कांग्रेस को मिली थी. तो एक निर्दलीय के खाते में गई थी. भाजपा का यहां से सूपड़ा साफ हुआ था. ऐसे में दौसा भाजपा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर प्रभु दयाल शर्मा ने दावा किया कि इस बार जिले की पांचो विधानसभा पर भाजपा को जीत मिलेगी.उन्होंने कहा भाजपा दुनिया की सबसे बडी पार्टी है और इसका आधारभूत ढांचा भी मजबूत है और जनता भाजपा के साथ है.

## हरियाणा गौड ब्राह्मण बाहुल्य क्षेत्र रहा है दौसा

राजस्थान राज्य के पूर्व क्षेत्र में मौजूद है दौसा जिला, जहां बसा है दौसा विधानसभा क्षेत्र, जो अनारक्षित है। दौसा क्षेत्र हरियाणा गौड ब्राह्मण बाहुल्य क्षेत्र भी माना जाता है । इस सीट पर हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज के मतदाता जीत-हार के कारक माने जाते हैं। यानी जिस उम्मीदवार को यह समुदाय पसंद करता है उसका जीतना तय माना जाता है। हालांकि जातीय समीकरण पर नजर डालें तो 2011 की जनगणना के मुताबिक 22 फीसदी एससी कैटेगरी के वोटर हैं..जबकि 26 फीसदी एसटी कैटेगरी के वोटर हैं..तो वहीं मीणा और ब्राह्मण वोटर भी लगभग बराबर हैं।

## दौसा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला

राजस्थान में चुनावी हलचल लगातार बढ़ती जा रही है. यहां पर 25 नवंबर को वोटिंग कराई जाएगी. दौसा विधानसभा सीट के राजनीतिक इतिहास की बात करें तो यहां पर कभी भारतीय जनता पार्टी की पकड़ हुआ करती थी. अब कांग्रेस को यहां पर जीत मिली है. 1990 से लेकर अब तक हुए 7 चुनाव में 4 बार बीजेपी को जीत मिली तो एक-एक बार कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी और निर्दलीय को जीत मिली. 1990 और 1993 में बीजेपी के जियालाल बंशीवाल ने जीत हासिल की. फिर 1998 में निर्दलीय उम्मीदवार को जीत मिली. 2003 में नंद लाल बंशीवाल ने बीजेपी के लिए एक और जीत हासिल की. 2008 में बहुजन समाज पार्टी के मुरारी लाल मीणा को यहां से जीत मिली. लेकिन 2013 में यहां पर चुनाव का खेल बदल गया. बीजेपी के शंकर लाल शर्मा के खाते में जीत चली गई. 2018 में बसपा के पूर्व विधायक मुरारी लाल शर्मा कांग्रेस में आ गए और उन्होंने इस बार शंकर लाल शर्मा को हराकर फिर से चुनाव में जीत हासिल की. पिछले 3 चुनाव से यहां पर किसी भी दल ने लगातार 2 बार जीत हासिल नहीं की है. 3 चुनाव में 3 अलग-अलग दलों को जीत मिली है. दौसा का विधानसभा का रण अब रोचक होने वाला है। क्योंकि, कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर राधेश्याम नांगल ने आजाद समाज पार्टी से नामांकन दाखिल कर दिया है। नांगल के चुनाव मैदान में उतरने से कांग्रेस प्रत्याशी मीणा की मुश्किलें बढ़ सकती है। इस बार स्थानीय का बोलबाला होने के चलते राधेश्याम नांगल भी चुनाव मैदान में उतर आए हैं। इससे दौसा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला हो गया है।



# शंकरलाल शर्मा को दौसा से टिकट मिला है, इससे समाज को कितना लाभ होगा

## गुजरात पत्रिका टीम ने दिए प्रतिभाव

"किसी भी प्रदेश में समाज का उम्मीदवार देश की सत्ताधारी पार्टी से चुनाव लडता है तो हम सभी को एक होकर उसको विजयी बनाने के प्रयास करने चाहिए, तभी विधानसभा में समाज की आवाज की गूंज देखने को मिलेगी ।

• **विजय शर्मा**
तंत्री, हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका



"समाज के लिए गौरव है शंकरलाल शर्मा. दौसा सीट से भारी मतो से विजेता बने यही कामना. हरियाणा गौड ब्राह्मण का राजकीय वर्चस्व बढेगा तो समाज उत्थान को भी गति मिलेगी. मैं शंकरलाल शर्मा को शुभकामनाए देता हूं.

• **रामअवतार शर्मा**
सहतंत्री, हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका



"शंकरलाल शर्मा दौसा से विजेता बनकर निकलेंगे. उनकी जीत निश्चित दिखाई दे रही है. हम कामना करते है कि वे भारी मतो से जीतकर समाज का गौरव बढाऐंगे. हालाकि लोगो के बीच जाकर उन्हे समर्थन हांसिल करने में दोगुनी मेहनत करनी होगी. मुकाबला इतना आसान भी नही है. शंकरलाल शर्मा को बहुत बहुत शुभकामनाएं

• **सागर शर्मा**, सदस्य, हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका





"हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज के किसी सदस्य को राजस्थान विधानसभा में प्रतिनिधित्व मिलना समाज के लिए गौरव की बात है। दौसा से शंकरलाल शर्मा अगर जीत जाते है तो दूसरी बार विधायक बनकर समाज को गौरवान्वित करेंगे। यदि वे हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज में संगठन के कामकाज में रूचि दिखाऐंगे और विभिन्न प्रदेशो के बीच समन्वय बढाएं तो समाज के लिए उनकी भूमिका की अधिक सराहना होगी। दौसा विधानसभा में उन्हे सफलता मिले उसके लिए मैं कामना करता हूँ और समाज से भी अपील करता हूं कि हम सबको दोगुनी शक्ति के साथ उनका समर्थन करना है। विजय भवः

• **पंकज शर्मा**, सदस्य, हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका




"दौसा विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी की तरफ से शंकर लाल जी शर्मा को टिकट दिया गया है। दोसा विधानसभा क्षेत्र हरियाणा ब्राह्मण समाज का गढ माना जाता है। शंकर लाल शर्मा को इस क्षेत्र से चौथी बार टिकट मिला है। शंकर लाल जी हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर काफी साल तक सेवा दी है। वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद जी ने कांग्रेस का त्याग करके टिकट के उम्मीद पर बीजेपी ज्वाइन कर ली थी लेकिन टिकट न मिलने पर उन्होंने अपना सपोर्ट शंकर लाल जी को दिया है। अब देखना है कि वास्तव में कितना सपोर्ट करते हैं। राजस्थान में हरियाणा गॉड ब्राह्मण को सिर्फ यही एक टिकट मिला, अभी तो ब्राह्मण समाज के लिए यही फायदा माना जाएगा। शंकरलाल शर्मा को शुभकामनाएं

• **जगदीशभाई शर्मा**, सदस्य, हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका

"शंकरलाल शर्मा 2013 में भी दौसा से विधायक बने थे, इस बार भी वह जीतेंगे. क्युंकि दौसा में कोंग्रेस से ज्यादा भाजपा का पलडा मजबूत है. हालाकि जीतने के लिए मेहनत एवं प्रचार पूरजोश करना होगा. मैं शंकरलाल शर्मा को दौसा से भारी मतो से जीतकर समाज को खुशी के समाचार दे, समाज उत्थान के कार्य को बल मिले यही कामना करता हूं.

• **हितेश शर्मा**, सहतंत्री, हरियाणा गौड ब्राह्मण




"अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्री शंकर लाल शर्मा जी पर पूर्ण विश्वास जताते हुए भारतीय जनता पार्टी की तरफ से दौसा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है यह हमारे समाज के लिए बेहद खुशी की बात है एवं संपूर्ण समाज तन मन धन से विश्वास जताते हुए उनका समर्थन करता है एवं जीत के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रदान करते हैं

• **कमलेश शर्मा**
सहतंत्री एवं गुजरात प्रदेश महामंत्री अखिल भारतीय हरियाणा गॉड ब्राह्मण समाज गुजरात प्रदेश



"पूरे राजस्थान प्रदेश से समाज में किसी एक व्यक्ति को विधानसभा चुनाव में टीकट मिलना समाज के लिए तो गौरव की बात है ही, हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के लिए भी गौरवशाली क्षण है. इससे समाज का दायित्व और मजबूत होगा. शंकरलाल शर्मा को राष्ट्रीय महासभा में काफी समय कार्य करते देखा है. इश्वरने चाहा तो राजस्थान विधानसभा में भी हमे वे विधायक के रूप में देखने को मिलेंगे. शुभकामनाएं

• **उमेश शर्मा (कुडाया)**, सहतंत्री, हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका





"दौसा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक व हमारे समाज के पुर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शंकर लाल शर्माजी को भाजपा ने इसबार पुन: टिकट दिया है, इसके लिये श्री शंकर लाल शर्माजी को व समाज को हार्दिक बधाइया. समाज को इनकी जीत के लिये तहेदिल से महेनत करनी होगी. इनकी जीत से समाज को विधानसभा में आवाज उठाने के लिये एक प्रतिनिधी मिलेगा जो समाज के विकास के लिये भविष्य में बहुत लाभकारी होगा. हमे एक जुट होकर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षजी का समर्थन करना चाहिए.

• **डॉ.दौलतकुमार शर्मा**, सदस्य , हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका



"दौसा विधानसभा क्षेत्र में शंकर जी को टिकट देने से भाजपा खासकर बस्सी, सांगानेर, बगरू, चौमू आमेर, मालवीय नगर, लालसोट, चाकसू, पीपलू निवाई, जमवारामगढ, बांदीकुई, थानागाजी, जैसी हरियाणा ब्राह्मण बाहुल्य सीटे आसानी से जीत सकती है, इसका असर भी देखने को मिलेगा, समाज की राजनीतिक शक्ति बढेगी, क्योंकि इन विधानसभा क्षेत्र में समाज निर्णायक भूमिका में है, हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज की राजनीति में और ज्यादा पहचान और पकड मजबूत होगी. शंकरलाल शर्मा को भाजपा से उम्मीदवार बनाए जाने पर उन्हे शुभकामनाएं, ब्राह्मण एकता जिंदाबाद

• **नैना शर्मा**, सदस्य, हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका



"शंकरलाल शर्मा भाजपा के उम्मीदवार है, वर्तमान में केंद्र में भाजपा सरकार है अगर वो विजय हासिल करते हैं तो अपने हरियाणा गॉड ब्राह्मण समाज के लिए कुछ अच्छा कर सकते हैं, लेकिन समाज के लोगों के प्रति उनकी नियत साफ होनी चाहिए, बाकी तो हम सब आज तक देखते आए हैं कि पहले तो बडे-बडे वादे करते हैं लेकिन नेता बनने के बाद और कुछ मंत्री पद मिलने के बाद यानी कुर्सी मिलने के बाद समाज के लोगों एवं आम जनता को किए हुए वादों के बारे में कुछ भी याद रहता नहीं रहता है.

• **विनोद शर्मा**, सदस्य , हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका

# मिशन कुलदेवी : दुःखीयो के दुःख दूर करती है घूँघरसण माता

## बलेसरा और समोत्या गौत्र के लोग कुलदेवी स्वरुप में करते है मातारानी की पूजा




हमारी टीम हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज की कुल देवियों के बारे में गुजरात पुस्तिका में फोटो सहित विवरण लिखने का प्रयास कर रही है। इस लिंक में हम आपको एक और माताजी के बारे में जानकारी देने का प्रयास करेंगे.. इन माताजी का नाम है घूँघरसण माताजी..घूँघरसण माता जिन्हे मंडाण वाली माता भी कहा जाता है..हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज में समोत्या एवं बलेसरा गौत्र के समाजबंधुओ अपनी कुलदेवी के स्वरुप में पूजा करने के लिए और मन्नत मांगने के लिए यहा आते है.यहा जाने के लिए जयपुर-अलवर मार्ग पर बीलवाडी या बैराठ तक बस सुविधा है.तत्पश्चात वाहन से बलेसर के लिए टेक्सियो की सुविधा उपलब्ध है. नवरंगपुरा पंचायत हद में बलेसर गांव में घूँघरसण माता जिन्हे मंडाण वाली माता कहते है उनका मंदिर है.

माताजी के स्वरूप की बात करें तो यहां माताजी की प्रतिमा पूर्ण रूप में विराजित दिखाई देती है। उनके बगल में भैरवजी विराजित नजर आते हैं। यहां स्थित भैरवजी माताजी की मूर्ति स्वयंभू है या नहीं, इसके बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिल सकी है। लेकिन इसे कुलदेवी मानने वाले लोगों का कहना है कि यह मूर्ति स्वयंभू है। और बलेसरा और समोत्या गौत्र सहित विभिन्न समुदायों के लोग इस मंदिर में वर्षों से आते हैं। कहा जाता है कि यहां आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। अगर आप हरियाणा गौड ब्राह्मण समुदाय से हैं और जयपुर या अलवर जा रहे हैं तो आपको इस मंदिर के दर्शन जरूर करने चाहिए। अगर दर्शन करने के पश्चात आपको सटिक जानकारी जुटा सके तो गुजरात पत्रिका टीम को जरूर भेजे।

आप हमे जानकारी guj.abhgb@gmail.com पर भेज सकते है।

(कुलदेवी के बारे में गुजरात समाज पत्रिका टीम कोई दावा नहीं करती)

## 14 फरवरी 2024 को खेड़ा जिले में होगा सामूहिक विवाह

# अखिल गुजरात हरियाणा गौड़ ब्राह्मण सेवा संगठन द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन





अखिल गुजरात हरियाणा गौड़ ब्राह्मण सेवा संगठन अगले साल 14 फरवरी 2024 को सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहा है । सामूहिक विवाह स्थल को लेकर अंतिम घोषणा गुजरात सेवा संगठन की प्रदेश कोर कमेटी और प्रदेश संगठन की खेड़ा जिले में हुई बैठक में की गई है। नडियाद-कपड़वंज रोड स्थित लाभपुर गांव में समूहव विवाह का कार्यक्रम होगा। जलाराम आश्रम मानव सेवा ट्रस्ट की धर्मशाला एवं परिसर लाभपुर गांव के बस स्टेशन के सामने स्थित है। जहां समाज के वरिष्ठजनो एवं प्रदेश कमिटी के उपस्थित सदस्योने ट्रस्टियों के साथ बैठक कर समूह विवाह के लिए जगह फाईनल निर्धारित कर ली है और ट्रस्ट के परिसर-धर्मशाला के लिए कुछ पैसे भी जमा करवा दिए है। डाकोर से लाभपुरा गांव 11 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है,जबकि नडियाद से 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है , कपडवंज से 20 किलोमीटर और अहमदाबाद से 72 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है.गौरतलब है कि इससे पहले सामूहिक विवाह का स्थान पाटण में तय किया गया था..लेकिन जिला टीम में आम सहमति नही बन पाने की वजह से स्थान बदल दिया गया है.अब गुजरात प्रदेश सेवा संगठन सामूहिक विवाह की पूरी योजना पर काम कर रहा है। दिवाली के बाद समूह विवाह के लिए तैयारीया शुरु कर दी जाएगी।

हर जोडे के लिए सरकार के नियम के तहत उंमर मान्य रहेगी. अर्थात युवक के लिए 21 वर्ष और युवती के लिए 18 वर्ष रहेगी.. विवाह पंजीकरण शुल्क वर पक्ष - 31,000, कन्या पक्ष - 21,000 जमा करवाना होगा.. विवाह पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज में वर और कन्या दोनो की जन्मतारीख सर्टिफिकेट-बर्थ सर्टीफिकेट, आधार कार्ड, वर और कन्या के दो-दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ देने होंगे..समूह विवाह में पंजीकरण दिनांक 15-11-2023 से 15-01-2024 तक ही लिया जाएगा. समाज के जिस जोडे को शामिल होना है उन्हे इस तारीख में अपने नाम का पंजीकरण दर्ज करवाना अनिवार्य रहेगा. अर्थात दिवाली के बाद 60 दिनो तक विवाह पंजीकरण कार्य चलेगा.. विवाह स्थल - श्री जय जलाराम आश्रम सेवा ट्रस्ट, लाभपुरा, मुं. पो.चेतरसुंबा.तहसील-ठासरा, जिला खेडा रहेगा.ज्यादा जानकारी के लिए पत्रिका पेज नंबर 12 देखे.

# पंकज शर्मा का संगठन से इस्तीफा

## मीडिया सेल के कन्वीनर के रूप में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका



आज से एक साल पहले नवंबर 2022 में मैंने गुजरात में समाज को एकजुट करने और संगठन को सक्रिय करने के लिए समाज के प्रति अपनी भूमिका निभाई थी. मुझे खुशी है कि गुजरात सेवा संगठन के साथ मेरा एक साल का जुड़ाव बहुत यादगार रहा, समुदाय के सदस्यों का समर्थन मिल रहा है, विभिन्न जिलों के लोगों को जानने के लिए, उनसे कुछ सीखने के लिए और सबसे बढ़कर सबक सिखने का भी अवसर मिला. गुजरात सेवा संगठन में सक्रिय रहने के बाद अहमदाबाद, साबरकांठा, आणंद, पाटण, बनासकांठा,नडियाद, दाहोद, पंचमहल, वडोदरा सहित जिलों में समाजबंधुओं से परिचह हुआ। इतना ही नहीं, कई लोगों से पहली बार मिलने का मौका मिला. कुछ जिलों में कार्यक्रम के तौर पर भी जाना हुआ, मिलन-मुलाकात भी हुई। नए सामाजिक रिश्ते भी विकसित हुए. प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेस की कोर कमेटी टीम ने समय-समय पर समर्थन किया इसलिए समाज के लिए कुछ अच्छा करने, समाज को कुछ देने और समाज के लिए समय दान करने का निर्णय लिया.. आज भी भावना वही है जो एक साल पहले समाज के लिए थी। समय बदलता है लेकिन इंसान नहीं बदलता, यही समाज का सच्चा प्रतिबिंब है.

एक वर्ष की अवधि के लिए मीडिया सेल कन्वीनर के रूप में काम करने का अवसर देने के लिए मैं प्रदेश संगठन की टीम का आभार व्यक्त करना चाहता हूं.. किसी भी समाज में मीडिया सेल या प्रचार विभाग बहुत महत्वपूर्ण होता है। जो अपने बजट का एक अच्छा खासा हिस्सा प्रचार विभाग या मीडिया सेल पर डालता है. क्योंकि यह समाज में जानकारीयो और सूचनाओं के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करता है। समाज के निर्णय अथवा क्षेत्रीय संगठन के संदेश को प्रत्येक परिवार तक पहुंचाने में यह विभाग प्रमुख भूमिका निभाता है। प्रदेश मीडिया सेल के कन्वीनर के रूप में मैंने संगठन के प्रदर्शन, समाजबंधुओ की उपलब्धियों, समाज के सदस्यों के सेवा कार्यों के बारे में समय पर नोट्स लेकर कम समय में सही और सटीक जानकारी देने का कार्य किया है। जिले के कई लोगों ने मेरे काम और समाज के बारे में पोस्ट की सराहना की. पत्रकारिता में 16 साल और हमने बिना शिफ्ट देखे या काम के घंटे गिने बिना ही काम किया है। ऐसे में अतिरिक्त समय निकालकर समाज के लिए कार्य करना मेरे लिए किसी चुनौती से कम नही था. लेकिन स्मार्ट वर्क, समाज के लिए समय और श्रम दान करने की इच्छा, पद संभालने से पहले समाज के उत्थान के लिए लिए गए संकल्प को देखकर कठिन चुनौती को भी आसानी से पार करने का संबल प्राप्त हुआ। यहां एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि अगर कोई संकल्प या वादा सच्चे दिल से लिया जाए और उस पर कायम रहने की इच्छाशक्ति हो तो आप किसी भी क्षेत्र में सफल हो सकते हैं..चाहे वह सामाजिक क्षेत्र हो, औद्योगिक क्षेत्र हो या अन्य..

### गुजरात समाज के लिए सबसे पहले नि:शुल्क पोर्टल सेवा शुरू की

हमने शून्य लागत पर राजेश शर्मा के सहयोग से एक वर्ष तक मीडिया सेल के कन्वीनर के रूप में समाज के लिए "पोर्टल सेवा-समाज की वेबसाइट" को सफलतापूर्वक लोन्च किया। यह सेवा आज भी निरंतर जारी है और वेबसाइट के माध्यम से समाज की जानकारी दुनिया के कोने-कोने में रहने वाले समाजबंधुओं तक पहुंचाई जा रही है। वेबसाइट में प्रत्येक व्यक्ति के लेख, समाज का इतिहास, समाचार, पत्रिका अंक, कार्यक्रम, कुलदेवियों के नाम सहित जानकारी उपलब्ध है। गुजरात समाज में पहली बार सभी ने देखी पोर्टल सेवा-वेबसाइट.

### गुजरात समाज की पहली पत्रिका (अखबार) लॉन्च कर रचा इतिहास

समाज के लिए एक और महत्वपूर्ण कार्य गुजरात समाज पत्रिका का शुभारंभ था। विजयभाई शर्मा (चोरीवाड) के प्रस्ताव से मुझे मुख्य भूमिका मिली.. समाजहित का काम था..इसलिए समाजहित की जिम्मेदारी स्वीकार की..पहली पत्रिका जून 2023 से लॉन्च हुई..आणंद से बीजेपी सांसद मितेशभाई पटेल और प्रदेश अध्यक्ष संजयभाई पंडित ने पत्रिका लोन्च की..नवंबर 2023 में पत्रिका टीम को छह महीने पूरे हो चुके हैं. यह मेरे लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं है। आज हमारी पत्रिका टीम कड़ी मेहनत कर रही है. गुजरात के विभिन्न जिलों से पत्रिका को लेकर अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। अन्य राज्यों से भी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है.. समाज में पहली बार प्रदेश का अखबार सभी ने देखा..और पढ़ा..

### समाज के व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से प्रदेश के हर परिवार के सदस्यों को एक मंच पर लाने का हुआ काम

हम सभी जानते हैं कि हमारा समाज जिलेवार और गुटवार बंटा हुआ है. ऐसे में हर समाजबंधु का विश्वास हासिल करना भी एक मुश्किल काम था.. हमने एक व्हाट्सएप ग्रुप तैयार किया..जिसमें 710 से ज्यादा गुजराती समाजबंधुओ को जोडा गया.. इसके बाद हमने नारीशक्ति वाट्सअप ग्रुप तैयार किया..जिसमें गुजरात समाज की 500 से ज्यादा महिलाएं-युवतीओ को जोडा गया. इस तरह कुल मिलाकर समाज के 1200 से ज्यादा सदस्य हमारे वाट्सअप ग्रुप से जुड चुके हैं. इससे सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि समाज की सूचनाएं लोगों तक पहुंचाना आसान हो गया..व्हाट्सएप पर ही मैसेज आने से अब जानकारी से कोई अंजान नहीं रहता है. इसके लिए ग्रुप से जुड़ने में काफी मेहनत करनी पड़ी. लेकिन हमने उस टास्क को सफलतापूर्वक पूरा किया.आज दोनों गृपो को आधिकारिक तौर पर समाज का वाट्सअप गृप घोषित कर दिया गया है.

### सोशल मीडिया के माध्यम से बसवाड़ा परिवार की मदद की मुहिम चलाई

उत्तर प्रदेश के बदायू में आर्थिक संकट में फंसे एक परिवार के लिए सहायता अभियान शुरू किया गया. जिसमें गुजरात के हर जिले से लोगों ने मदद के लिए हाथ बढ़ाया. प्रदेश संगठन के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि गुजरात से अन्य राज्य में सीधे मदद पहुंचाई गई हो.. इसके लिए गुजरात में योगदान देनेवाले सभी समाजबंधुओ अभिनंदन के पात्र है.

### एक अनजान से खून का रिश्ता बना देता है रक्तदान

# अहमदाबाद : समाज की जरुरतमंद महिला को ब्लड डॉनेट करने पहुंची युवा टीम

## रक्तदान का महत्व हमें तब समझ में आता है जब हमारा कोई जिंदगी-मौत से जूझ रहा हो

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज में हंमेशा संवेदनहीनता ही दिखती है ऐसा बिलकुल नही है...गुजरात में समाज में जितनी जागरुकता बढ़ी है, उतनी ही लोगों की संवेदनाएं भी जागृत हुई हैं.. इसका उदाहरण हाल ही में अहमदाबाद में देखने को मिला है.. यहां गुजरात क्षेत्र के खेड़ा जिले के डाकोर(फिलहाल निवास उमरेठ शहर) की हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समुदाय से एक परिवार की महिला गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित थी। महिला का हीमोग्लोबिन रिपोर्ट 5.5 ग्राम था। यानी शरीर में खून की बहुत कमी थी। ऐसे में महिला का कोई इलाज या सर्जरी नहीं हो सकती थी। महिला के परिजनों को मेडिकल टीम ने बताया कि उन्हें पांच यूनिट ब्लड की जरूरत है। अब परिवार इस स्थिति को लेकर असमंजस में । पांच यूनिट रक्त प्राप्त करने के लिए ब्लड बैंक को पांच रक्त दाताओं की जरूरत थी तभी अस्पताल की टीम रक्त की आपूर्ति कर सकती थी। हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज में पहले भी कई परिवारों के साथ ऐसी स्थिति हुई होगी। लेकिन हर कोई अपने तरीके से कामयाब रहा होगा। हालांकि, अहमदाबाद की युवा टीम के महामंत्री यज्ञेश पंडित को अहमदाबाद में इलाज के लिए आए खेड़ा के परिवार की स्थिति के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने इस संबंध में मदद करने का फैसला किया। इस बारे में उन्होंने पत्रकार पंकज शर्मा से बातचीत की। बाद में  उन्होने अहमदाबाद की युवा टीम से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। समाज के इस तरह के कार्यो के लिए हंमेशा से अग्रेसर रहे पत्रकार पंकज शर्मा ने इस अभियान में तेजी लाने और समाज के मुख्य सोशियल गृपो तक रक्तदान अपील का संदेश फैलाने का फैसला किया। कुछ ही घंटों में अहमदाबाद-गांधीनगर जिले के छह युवा रक्तदान करने के लिए आगे आए। इन रक्तदाताओं ने 18 और 19 अक्टूबर को अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में जाकर रक्तदान किया।

**इन सदस्यो ने रक्दान कर दिखाई संवेदना**

- **यज्ञेश पंडित, रखियाल, अहमदाबाद**
- **महेश शर्मा, दहेगाम, जि.गांधीनगर**
- **ब्रिजेश पुरोहित, मणिनगर, अहमदाबाद**
- **कल्पेश पंडित, रखियाल, अहमदाबाद**
- **रवि शर्मा, वडोदरा**
- **रवि शर्मा, बापुनगर, अहमदाबाद**

अब इस उदाहरण से समाज के लोगों को यह समझने की जरूरत है कि हम रक्तदान करके समाज की मदद कर सकते हैं। अक्सर कुछ परिवार शर्म या अज्ञानता के कारण इस तरह की मदद लेने से चूक जाते हैं। और अपने परिवार के सदस्य की मदद सही समय पर नहीं कर पाता या फिर बहुत सारा पैसा खर्च करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। हमें समाज के उन कार्यों पर ध्यान देना चाहिए जिससे समाज के लोगों को लाभ हो। यह भी



जरूरी है कि यह लाभ अल्पकालिन नहीं बल्कि दीर्घकालिक हो। रक्तदान करने के बाद किसी अजनबी से भी खून का रिश्ता कैसे बनाया जा सकता है, इसका बेहतरीन उदाहरण अहमदाबाद की युवा टीम ने पेश किया है। रक्तदान का कितना महत्व है? इसका अहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई निकटतम व्यक्ति जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा होता है। रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे काफी आत्म संतुष्टि मिलती है। कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों के कारण रक्तदान करने से कतराते हैं जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार लाभ होते हैं। अत: हम सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। खास कर उस समय जब हमारा ही समाज का कोई व्यक्ति ब्लड के लिए आपकी मदद चाहता हो।

**ब्लड डोनेट से क्या फायदे हैं?**

रक्तदान करने से शरीर को कई तरह के भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। मेंटल हेल्थ फाउंडेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार, दूसरों की मदद करने से :

**तनाव कम होता है**

- **भावनात्मक स्वास्थ्य में सुधार होता है**
- **ब्लड डोनेशन के दौरान फ्री चेकअप से शारीरिक लाभ होता है**
- **नेगेटिव भावनाओं से छुटकारा पाने में मदद मिलती है**
- **एक स्वस्थ हृदय और संवहनी प्रणाली**
- **अक्सर ब्लड डोनेट करने से ब्लड प्रेशर और दिल के दौरे का जोखिम कम हो सकता है**
- **रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है**
- **मेंटल हेल्थ के लिए फायदेमंद**

# नवरात्री फोटो अभियान - गरबा संग माताजी की आराधना













# नवरात्री पर्व पर अहमदाबाद महिला समितिने गरबा महोत्सव का किया आयोजन

नैना शर्मा, अहमदाबाद : श्री हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज अहमदाबाद महिला समिति द्वारा रविवार 25 अक्टूबर 2023 को अहमदाबाद के मणिनगर में नवरात्रि गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया. जिसमें अहमदाबाद महिला समिति सदस्य लीना जी पंडित ,खुशबु जी शर्मा ,नैना जी शर्मा ,कविताजी शर्मा ,अंजू जी शर्मा ,वर्षा जी पुरोहित ,रेखा शर्मा ने मिलकर अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए गरबा प्रोग्राम का सफल आयोजन किया. समाज की महिलाओने भी परिवार सहित बड़ी संख्या में गरबा महोत्सव में हिस्सा लिया, जिससे प्रोग्राम में चार चाँद लग गए. इसमें भाग लेने के लिए पास सिस्टम रखा गया था. अहमदाबाद महिला समिति की ओर से मणिनगर के वसंत वाडी में महिलाओं ने संगीत और गुजराती गरबे की धुन पर शानदार गरबा किया।

गरबा में भाग लेने वाली महिलाओं को तीन श्रेणियों में पुरस्कार देकर प्रोत्साहित करने का भी निर्णय लिया गया. जिसमें ट्रेडिशनल गरबा क्वीन , गरबा स्टेप क्वीन, गरबा एनर्जी क्वीन , थीम पर आधारित गरबा प्रतियोगिता रखी गयी थी | जिसमें पहली श्रेणी में (1)निशा शशिकांतजी शर्मा (2) माहि अंकित शर्मा (3)कृष्णा योगेश पुरोहित को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया. गरबा महोत्सव में काफी संख्या में बच्चो ने भी हिस्सा लिया और छोटे बच्चो को भी महिला समिति के द्वारा उपहार देकर मनोरंजन का लुफ्त उठाया.महोत्सव के बाद उपस्थित सभी समाजबंधुओ के लिए भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई।


















હૃદયરોગની સંપૂર્ણ સારવાર હવે પાટણમાં ઉપલબ્ધ...
ડૉ. દેવેન્દ્ર શર્મા
એમ.ડી., ડી.એમ.(કાર્ડિયોલોજી)
ઈન્ટરવેન્શનલ કાર્ડિયોલોજીસ્ટ
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत
PM-JAY
પાટણ હાર્ટ હોસ્પિટલ
આયુષ્યમાન કાર્ડ અને મા કાર્ડ ધારકો માટે
'મફત'
એન્જીયોગ્રાફી અને એન્જીયોપ્લાસ્ટી (બલૂન/સ્ટેન્ટ)
ત્રીજો-ચોથો માળ, એપોલો બિઝનેસ સેન્ટર,
દૂધસાગર ડેરીની સામે, શંકુજ હોસ્પીટલની બાજુમાં, હાંસાપુર, પાટણ.(ઉ.ગુ.)
એપોઈન્ટમેન્ટ નં. 75 08 08 08 53 | ઈમરજન્સી સંપર્ક 75 08 08 08 35


Jagdish Sharma - 98255 92026
Paryan Sharma - 93133 70634
New Born Photography
Maternity Photography
Toddler Photography
Cake Smash Photography
And More...
ANGEL BABY STUDIO
A Parth Studio Subsidiary
Follow us angel_baby_studio
CAPTURING THE MAGIC OF CHILDHOOD
2ND FLOOR, ABOVE TVS SHOWROOM,
NR. RELIANCE PETROL PUMP, DEESA-CHANASMA HIGHWAY,
PATAN - NORTH GUJARAT.

# वडोदरा : समाज की 7 महिलाओं ने मिलकर करवा चौथ व्रत का सामूहिक उद्यापन किया









करवा चौथ का व्रत महिलाएं अपने पति की दीर्घायु के लिए निर्जला रखती हैं। इस व्रत में व्रती महिलाएं शाम में चांद देखने के बाद व्रत खोलती हैं। और करवा माता एवं शिव पार्वती की पूजा करके करवाचौथ व्रत की कथा का पाठ करती हैं। वडोदरा में हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज की 7 महिलाओं ने मिलकर करवा चौथ व्रत का सामूहिक उधापन किया. शहर के हरनी रोड स्थित इंदुमती पार्क में आयोजित इस उधापन में उजमन करनेवाली महिलओ में शीलादेवी रमेशचंदजी शर्मा (वाघोडिया रोड) , लक्ष्मीदेवी निलेशजी शर्मा(कारेली बाग), वंदना मुकेशजी शर्मा (वाड़ी), कल्पना महेशजी शर्मा (वाघोडिया डभोई रिंग रोड), नम्रता नरेशजी शर्मा (कारेली बाग), प्रियंका अमितजी शर्मा (हरीनगर गौत्री रोड), सीमा विनोदजी शर्मा(समा)ने हिस्सा लिया.

# अहमदाबाद में रखियाल स्थित ज्ञान सागर प्राइमरी स्कूल में गरबा उत्सव का आयोजन










लक्ष्मीकांत पंडित,अहमदाबाद : गुजरात में नवरात्रि का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है.. जिसमें बच्चों से लेकर बड़े तक माताजी की पूजा और गरबा उत्सव में हिस्सा लेते हैं. नवरात्री पर्व अंतर्गत दिनांक 20 अक्टूबर 2023 को ज्ञान सागर प्राइमरी स्कूल, रखियाल, अहमदाबाद में गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। उससे एक दिन पहले, मुख्य अतिथि के रूप में बापूनगर विधायक दिनेश सिंह कुशवाह विशेष रूप से उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। रखियाल के लक्ष्मीकांत पंडित ने कहा कि नवरात्रि पर्व पर हमारे स्कूल में बच्चों के लिए गरबा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया था. विधायक दिनेशभाई कुशवाह ने गरबा कार्यक्रम में भाग लिया और माताजी की आरती की.. और स्कूल के छात्रों के साथ दिलचस्प संवाद किया.अगले दिन शुक्रवार को गरबा उत्सव मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के अग्रणी समाजबंधु  कमलेशभाई पुरोहित और भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष अविनाश सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे और उनके द्वारा गरबा उत्सव में भाग लेने वाले छात्रों को प्रोत्साहन पुरस्कार वितरित किए गए। इस शानदार उत्सव में स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक, स्कूल स्टाफ एवं बडी संख्या में स्कूली छात्रो ने हिस्सा लिया. स्कूल के बच्चो ने वेशभूषा में सज्ज हकर डीजे की धून पर गरबा किए..स्कूल परिवार की तरफ से छोटे बच्चो को चॉकलेट और बॉल पेन भी बांटे गए.

# दिपावली-नूतन वर्ष पर कुलदेवीयो के दर्शन जय माता दी


कूकसा माता या वली माता एवं सांवली माता , कूंकस गांव आमेर, जयपुर


श्री जाल-माता मंदिर बड़ा बास, रुणिया बास, शेरेरा बीकानेर


घूँघरसण माता-मण्डाल माता, बलेसर ग्राम, पंचायत नवरंगपुरा, बैराठ, जयपुर


श्री जमवाय माताजी , जमवारामगढ, राजस्थान


बरसाना सांचौली देवी मंदिर


श्री ज्वाला माता मंदिर जोबनेर, जि.जयपुर


चांदसीण या चांदसिनी माता, टोरडी,सागर, टोंक, राजस्थान


धौलागढ वाली माता, अलवर, राजस्थान


वराई माता या वाराही माता आमेर, जयपुर



श्री पपलाज माता मंदिर लालसोट, दौसा


चावण्ड माता - चावंड का मंड जयपुर


नाहर सिंह माताजी, रावतभाटा, राजस्थान


श्री बाँकी माता, देवीतला, रायसर, जमवारामगढ(राजस्थान)


सिंगठ या सिंगाद माता, बंसी, गाडरियावास, राजस्थान

(कुलदेवीयो के दर्शन फोटो एवं स्थानक समाज में प्रचलित स्थान एवं समाजबंधुओ द्वारा भेजे गए विवरण पर आधारित है.पत्रिका टीम स्थान कोई दावा नही करती)

# अहमदाबाद : पंकज शर्मा ने बोपल में चकली घर का वितरण किया













पत्रकार पंकज शर्मा(नारनोलिया) ने अहमदाबाद के बोपल में लुप्तप्राय गौरैया(चकली) के संरक्षण हेतु चकलीघर का वितरण किया गया। बोपल में ओमकारेश्वर महादेव मंदिर, नीकलंठ महादेव मंदिर एवं इकोलोजी पार्क में जगह जगह चकली घर का वितरण किया. पेडों की अंधाधुंध होती कटाई, आधुनिक शहरीकरण और लगातार बढ रहे प्रदुषण से गौरैया पक्षी विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी है। एक वक्त था जब गौरैया की ची-ची की आवाज से ही लोगों की नींद खुला करती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। यह एक ऐसी पक्षी है जो मनुष्य के इर्द-गिर्द रहना पसंद करती है। गौरैया पक्षी की संख्या में लगातार कमी एक चेतावनी है कि प्रदुषण और रेडिएशन प्रकृति और मानव के ऊपर क्या प्रभाव डाल रहा है। तो इस ओर काम करने की जरुरत है।

# डॉ. दौलत कुमार शर्मा को IIT कानपुर द्वारा मिला प्रमाणपत्र



Elite

NPTEL Online Certification
(Funded by the MoE, Govt. of India)

This certificate is awarded to
DAULAT KUMAR SHARMA
for successfully completing the course
Nature and Properties of Materials - an Introductory Course
with a consolidated score of 82 %

| Online Assignments | 21.88/25 | Proctored Exam | 60/75 |
|---|---|---|---|

Total number of candidates certified in this course: 23

Prof. B. V. Ratish Kumar
Chairman, Centre for Continuing Education
IIT Kanpur

Jul-Sep 2023
(8 week course)

Prof. Satyaki Roy
NPTEL Coordinator
IIT Kanpur

Indian Institute of Technology Kanpur

swayam

Roll No: NPTEL23MM42S44460026 To verify the certificate No. of credits recommended: 2 or 3

डॉ. दौलत कुमार शर्मा, फैकल्टी, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज गांधीनगर, गुजरात ने "सामग्री की प्रकृति और गुण - एक परिचयात्मक पाठ्यक्रम (Nature and Properties of Materials - an Introductory Course)" विषय पर एनपीटीईएल-एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम जुलाई-सितंबर 2023 मे सफलता पूर्वक पुरा किया तथा आईआईटी कानपुर द्वारा एलीट प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

# जैनीश शर्मा चंदीगढ से कर रहे है बीटेक



जैनीश विष्णु कुमार शर्मा, निवासी गांधीनगर ने चंडीगढ विश्वविद्यालय में बी.टेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है. हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका परिवार इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है.

# डॉ. दौलत कुमार शर्मा का सफल रहा प्रशिक्षण कार्यक्रम

डॉ. दौलत कुमार शर्मा (बेरोज्या) पुत्र श्री गोपाल लाल शर्मा, फैकल्टी, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज गांधीनगर, गुजरात ने अक्टूबर 2023 में राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (NITTTR), अहमदाबाद एक्सटेंशन सेंटर द्वारा "इंजीनियरों के लिए धातुकर्म (Metallurgy for Engineers)" विषय पर आयोजित अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक पुरा किया। गुजरात पत्रिका परिवार इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।



पंजी. क्र. Regd. No. NC-9/2023-24/4852 आई.डी. क्र. ID No. 2023-24/2454

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
National Institute of Technical Teachers' Training and Research, Bhopal
(Ministry of Education, Govt. of India)

प्रमाणपत्र
Certificate


आज़ादी का अमृत महोत्सव

यह प्रमाणपत्र
दौलतकुमार गोपाललाल शर्मा
गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, गांधीनगर
को इस संस्थान द्वारा आयोजित लघु अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने पर प्रदान किया जाता है।
This certificate is awarded to
DAULATKUMAR GOPALLAL SHARMA
Government Engineering College, Gandhinagar
for participating in a short term training programme conducted by this institute.

प्रशिक्षण विषय : Programme Title: Metallurgy for Engineers
अवधि/Duration : 16-10-2023 से/to 20-10-2023 तक (One Week)
स्थान/Venue : E.C. Ahmedabad

समन्वयक Coordinator
निदेशक Director
दिनांक/Date : 20-10-2023

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि !



**परमपिता परमेश्वर स्व.भगवतीदेवी मोहनलाल पंडित [डभाड, खेरालू, जि.महेसाणा] की दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करे | भावपूर्ण श्रद्धांजलि ! ॐ शान्ति**

**(निधन तारीख - 31 October 2023)**

**हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम**

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि !



**परमपिता परमेश्वर स्व.भगवतीबेन चीमनलाल शर्मा(वडोदरा) की दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करे | भावपूर्ण श्रद्धांजलि ! ॐ शान्ति**

**(निधन तारीख - 29 October 2023)**

**हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम**

## हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात-पत्रिका टीम


# हरियाणा गौड ब्राह्मण समाजबंधुओ को हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका टीम की तरफ से

## दिपावली एवं नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ




तंत्री : विजयभाई शर्मा (चोरीवाड)
Mo.8140036786


सहतंत्री : रामअवतार शर्मा (कठवाडा)
Mo.9825008751


सहतंत्री : हितेश शर्मा (सिद्धपुर)
Mo.90169 05113


सहतंत्री : कमलेश शर्मा (इसनपुर)
Mo.9898584469


सहतंत्री : उमेश कुडाया (कणभा)
Mo.9825019516


पत्रिका संचालन-व्यवस्थापक : पंकज शर्मा (बोपल)
Mo.8000309379

## पत्रिका सदस्य समाचार सूचक


डॉ.दौलतकुमार शर्मा(गांधीनगर)
Mo.9904535914


जगदीशभाई शर्मा (पाटण)
Mo.9825592026


मनीषा शर्मा (गोरवा)
Mo.9023664488


नैना शर्मा (बापुनगर)
Mo.7573093736


सागर शर्मा (आणंद)
Mo.9898925719


विनोद शर्मा (अरवल्ली)
Mo.94262 83362


गयाप्रसाद बलेसरा (दिल्ली)
Mo.8826159765


राजुभाई शर्मा (वडोदरा-सुरत)
Mo.9427794943


कुड़ाया परिवार (माधोपुरा वाले) की ओर से दीपावली पर्व की
सभी समाजबंधुओं को शुभकामनाएं एवं मंगलकामनाएं
Happy Diwali
उमेश शर्मा
पुत्र स्व. श्री रामेश्वर कुड़ाया
(माधोपुरा वाले) अहमदाबाद
मो.- 9825019516
राजेश शर्मा
पुत्र स्व. श्री रामेश्वर कुड़ाया
(माधोपुरा वाले)
मो.- 9909019516
Shree Rameshwar Warehouse
Rameshwar Logistics
Rameshwar Coil Cutter LLP
All Type Plate & Strcures Stock Yard
537/B, opp. Gangeshwar High School, Near Gokul Hotel,
Kanbha, Ahemdabad-382730 Ph.- 02718-286418, 079 65446374

अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन

## गुजरात प्रदेश संगठन आयोजित

# आठवा सामूहिक विवाह समारोह-2024



परमपिता परमेश्वर एवं भगवान श्री गजानन की कृपा से हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात समाज का आठवा सामूहिक विवाह समारोह

**बुधवार, 14 फरवरी 2024**

को आयोजित होने जा रहा है। हम इस समारोह में हरियाणा गौड ब्राह्मण समाजबंधुओ को सादर आमंत्रित करते है।

विवाह पंजीकरण शुल्क : वर पक्ष - 31,000 | कन्या पक्ष - 21,000

### विवाह पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज

वर और कन्या दोनो की जन्मतारीख सर्टिफिकेट-बर्थ सर्टीफिकेट, आधार कार्ड, वर और कन्या के दो-दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ देने होंगे।

विवाह स्थल : श्री जय जलाराम आश्रम सेवा ट्रस्ट, लाभपुरा, मुं.पो.चेतरसुंबा.तहसील-ठासरा, जिला खेडा

### विवाह पंजीकरण के लिए संपर्क नंबर

1. श्री संजयभाई पंडित - डाकोर - 9898204481
2. श्री रमणलाल शर्मा - दहेगाम - 9925665536
3. श्री जगदीशभाई शर्मा - पाटण - 9825592026
4. श्री सीतारामजी शर्मा - हिंमतनगर - 9426541405
5. श्री चंद्रशेखरजी शर्मा - वडोदरा - 9327322924
6. श्री हरिशभाई पंडित - गोधरा - 7990337633
7. श्री लालीजी महाराज - अहमदाबाद - 9426065377





योगेन्द्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री, अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन



संजय पंडित, प्रदेश अध्यक्ष, अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन



सुरेश पंडित, प्रदेश कोषाध्यक्ष, अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन

प्रदेश कार्यालय - अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन-पंजीकृत नं.A-4157, शिवशक्ति सदन, डाकोर - कपडवंज रोड, डाकोर. जि.खेडा

Note : समूह विवाह में पंजीकरण दिनांक 15-11-2023 से 15-01-2024 तक ही लिया जाएगा. समाज के जिस जोडे को शामिल होना है उन्हे इस तारीख में अपने नाम का पंजीकरण दर्ज करवाना अनिवार्य रहेगा.

(शुभेच्छक- हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका टीम)


શિવશક્તિ ડેરી પરિવાર તરફથી આપ સૌને
દીપાવલી અને નૂતન વર્ષની હાર્દિક શુભકામનાઓ
શિવશક્તિ
ડેરી એન્ડ સ્વીટ માર્ટ
દૂધ, દહીં, ઘી, છાશ, માવો, પેંડા, પનીર,
ચીઝ, બટર, શ્રીખંડ, બાસુંદી
યમુનેશ્વર મહાદેવની સામે, ડાકોર. મો. ૯૯૨૪૯ ૧૧૫૭૭
P.W.D. ગેસ્ટહાઉસની સામે, કપડવંજ રોડ, ડાકોર. મો. ૮૦૦૦૦ ૭૦૧૫૭
નગરપાલિકા શોપીંગ સેન્ટર, ઓડ બજાર, ઉમરેઠ. મો. ૯૮૯૮૩ ૩૫૨૦૦
આર્યન કોમ્પલેક્ષ, બસસ્ટેન્ડની બાજુમાં, ઉમરેઠ. મો. ૯૦૧૬૩ ૬૦૦૦૦